PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Sat, 03 Jun 2017, Page 13
Width: 23.57 cms, Height: 27.96 cms, a3, Ref: 34.2017-06-03.151

भारत फिर बनेगा सबसे तेज विकास दर वाला देश

चालू वित्त वर्ष में 7.5 फीसदी रहेगी विकास दर

अमर उजाला ब्यूरो
नई दिल्ली।

नीति आयोग के वाइस चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया का कहना है कि अप्रैल-जून में ही भारत पड़ोसी देश चीन को पछाड़कर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा फिर से हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर साढ़े सात फीसदी के आस-पास रहेगी।

नरेंद्र मोदी सरकार के तीन साल पूरे होने पर शुक्रवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वार्षिक आधार पर भारत अभी भी चीन से आगे है। केंद्र सरकार ने पिछले तीन सालों में जिन सुधार कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है, उनसे भारतीय अर्थव्यवस्था फिर से तेज वृद्धि की राह पर होगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2017-18 की पहली तिमाही में भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा फिर हासिल कर लेगा। पनगढ़िया का कहना है कि अगर आप वित्त वर्ष 2016-17 को देखें तो हम चीन से आगे रहे हैं। तिमाही आधार पर हम मौजूदा तिमाही में इसे फिर पा लेंगे। चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर रफ्तार पकड़ेगी और यह कम से कम 7.5 फीसदी रहेगी। आने वाले वर्षों में यह और तेजी से बढ़ेगी।

जनवरी-मार्च में 6.9% रही चीन की विकास दर

वित्त वर्ष 2016-17 की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर घट कर 6.1 फीसदी पर आ गई है, जबकि चीन की विकास दर 6.9 फीसदी रही है। हालांकि सालाना आधार पर विकास दर को देखें तो आलोच्य वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.1 फीसदी रही है, जो चीन की विकास दर से ज्यादा है।